**आज का सुविचार**

जब तक तुममें ईमानदारी, भक्ति और विश्वास है, तब तक प्रत्येक कार्य में तुम्हें सफलता मिलेगी

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS

जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 54 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 14 फरवरी 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## मुस्लिम महिला धर्म परिवर्तन कर बिना तलाक के किसी अन्य धर्म के व्यक्ति के साथ विवाह कर सकती है जानिए/legal advice...

मुस्लिम विधि के अंतर्गत धर्म त्याग देने से वैवाहिक बंधन तत्काल समाप्त हो जाते हैं अतः किसी मुस्लिम पत्नी द्वारा धर्म परिवर्तन के बाद किसी अन्य धर्मावलंबी का धर्म स्वीकार कर के उससे विवाह करना ब्नहस की धारा 82 का अपराध नहीं होगा।

### कानून क्या कहता है जानिए-

मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम, 1939 की धारा 04 के अनुसार इस्लाम धर्म त्याग देने मात्र से विवाह विघटन नहीं हो जाता है, इस्लाम धर्म त्यागकर अन्य धर्म अपनाने वाली पत्नी को किसी अन्य धर्म के व्यक्ति से विवाह करने से पहले अधिनियम की धारा 02 में वर्णित किसी एक आधार पर विवाह विच्छेद की डिक्री प्राप्त करना होगा।



युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**क्या है ? मुस्लिम विवाह विच्छेद अधिनियम, 1939 में धारा 2 जानिए–**

विवाह विच्छेद की डिक्री का आधार निम्न है–

मुस्लिम कानून के तहत विवाहित महिला निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक आधार पर अपने विवाह के विघटन की डिक्री प्राप्त करने की हकदार होगी-

(1) चार साल से पति का कोई अता-पता नहीं है।

(2) पति ने दो साल की अवधि तक उसके भरण-पोषण की उपेक्षा की है या वह उसे उपलब्ध कराने में विफल रहा है।

(3) पति को सात साल या उससे अधिक की अवधि के लिए कारावास की सजा सुनाई गई हो।

(4) पति, उचित कारण के बिना, तीन साल की अवधि के लिए अपने वैवाहिक दायित्वों को पूरा करने में विफल रहा है।

(5) पति विवाह के समय नपुंसक था और अब भी नपुंसक है।

(6)पति दो वर्ष से पागल है या विषैले यौन रोग से पीड़ित है।

(7) पन्द्रह वर्ष की आयु प्राप्त करने से पहले उसके पिता या अन्य अभिभावक द्वारा उसका विवाह कर दिया गया था, उसने अठारह वर्ष की आयु प्राप्त करने से पहले विवाह से इनकार कर दिया।

**अवैध तरीके से विवाह के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान जानिए–**

यह अपराध असंज्ञेय एवं अज़मानतीय होते हैं अर्थात इस अपराध की शिकायत पुलिस थाने में नहीं की जाती है इसके लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद लगाया जाता है एवं आरोपी व्यक्ति को जमानत भी कोर्ट द्वारा दी जाएगी, इस अपराध की सुनवाई प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है। यह अपराध समझौते योग्य नहीं होते हैं अर्थात इस अपराध में राजीनामा नहीं किया जा सकता है ।

**सजा–** इस अपराध के लिए अधिकतम सात वर्ष की कारावास और जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

## BNS - 26,इलाज करते समय डॉक्टर के हाथों किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाए तब वह कब अपराध नहीं होगी जानिए -

कहते हैं कि डॉक्टर मरीज को लिए भगवान का रूप होते हैं, वह अपने मरीज को बचाने के हर सम्भव प्रयास भी करते हैं इसी की ध्यान में रखते हुए , उच्चतम न्यायालय ने कहा बिना किसी कारण के डॉक्टर पर यदि आपराधिक मामला चलाया जाएगा तो समाज के लिए यह हितकर नहीं होगा क्योंकि डॉक्टर किसी मरीज का स्वतंत्रता से इलाज नहीं कर सकता है एवं रोगी और डॉक्टर के बीच में विश्वास गिरने लगेगा। डॉक्टर अपनी प्रतिरक्षा के लिए अधिक चिंतित होंगे इस लिए डॉक्टरों को कानून में इलाज करने की स्वतंत्रता दी है अर्थात उसके इलाज करते हुए मरीज़ की मृत्यु हो जाती है तो वह अपराध नहीं होगा जानिए।

### भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 26 की परिभाषा?

बिना आपराधिक उद्देश्य से किसी व्यक्ति के फायदे के लिए उसकी सहमति से किया गया सावधानीपूर्वक कार्य जिसके कारण कोई गंभीर उपहति या मृत्यु कारित हो जाए वह BNS की धारा 26 के अंतर्गत किसी भी प्रकार का अपराध नहीं होगा।

### जुम्मन खाँ बनाम सम्राट मामला जानिए -

मामले में न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया कि जहाँ किसी डॉक्टर को धारा-88 (अब वर्त्तमान में BNS की धारा 26 ) के अधीन संरक्षण दिए जाने का प्रश्न हैं, मामले में तीन बातों पर विचार किया जाना आवश्यक है। पहला यह कि रोगी को यह पता हो कि इलाज या ऑपरेशन जोखिम भरा है इससे उसे खतरा उत्पन्न हो सकता है या कोई गंभीर हानि भी। दूसरा यह कि इसके लिए रोगी की सहमति(स्वीकृति) आवश्यक है। तीसरा यह कि डॉक्टर द्वारा अपना कार्य सद्भावनापूर्वक किया गया हो,अर्थात अपने कार्य में सावधानी एवं सतर्कता बरती हो तभी इस धारा के अंतर्गत बचाव मिल सकता है।

**- लेखक बी. आर. अहिरवार**
**(पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)**

# हमारी संस्कृति कलाओं और कला साधकों से पोषित है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## ● मुख्यमंत्री ने की घोषणा भारत भवन में पुनः प्रारंभ होगा रंगमण्डल
## ● मुख्यमंत्री ने 15 कला मनीषियों को प्रदान किए राज्य शिखर सम्मान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कलाएं स्वयं बोलती हैं। यह हमारे व्यवहार और भावनाओं से भी व्यक्त होती है। मध्यप्रदेश कला की धरती है। यहाँ से कई विश्व मान्य कला मनीषी हुए हैं। कलाओं और कलासाधकों से ही हमारी संस्कृति पोषित है, पल्लवित है। मध्यप्रदेश को विश्व में कला गौरव स्थल की पहचान दिलाने में भारत भवन की प्रमुख भूमिका है। हम सब भारत भवन के एक गौरवशाली अतीत के गवाह हैं। आज भारत भवन की 43वीं वर्षगांठ मनाते हुए हम बेहद गौरवान्वित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को भारत भवन के मुक्ताकाश मंच से राज्य शिखर सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को एक नई पहचान देते हुए वर्ष 2022 एवं 2023 के राज्य शिखर सम्मान प्रदान किए। इस अवसर पर 15 कला मनीषियों को उनके अतिविशिष्ट योगदान के लिए शॉल, श्रीफल, सम्मान पट्टिका एवं दो लाख रूपए की सम्मान राशि देकर अलंकृत किया गया। समारोह में संगीत, नृत्य, नाटक, जनजातीय एवं लोक कला, साहित्य तथा रंगकर्म के क्षेत्र में योगदान देने वाले कलाकारों, साहित्यकारों एवं रंगकर्मियों को शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य शिखर सम्मान से सम्मानित सभी कला विभूतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। कलाकार हमारे समाज की आत्मा हैं और उनका सम्मान हमारी प्राथमिकता है। कला के सम्मान से हम स्वयं सम्मानित होते हैं।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत भवन के 43वें स्थापना दिवस को खास बनाते हुए यहां रंगमण्डल को पुनः प्रारंभ करने की महत्वपूर्ण घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रंगमण्डल की वापसी सिर्फ रंगमंच ही नहीं, बल्कि पूरे कला जगत के लिए एक नया आनंद लेकर आयेगी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा का सभी रंगमंच प्रेमियों और कलाकारों ने पुलकित होकर स्वागत किया क्योंकि रंगमण्डल की वापसी इनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। भारत भवन का रंगमण्डल वर्षों से प्रदेश के रंगकर्मियों और नाटक प्रेमियों के लिए एक प्रमुख मंच था, अब फिर से जीवंत होने जा रहा है।

इसकी वापसी से युवा रंगकर्मियों को नए अवसर मिलेंगे और थिएटर को भी एक नई ऊर्जा मिलेगी। रंगमण्डल की पुनर्स्थापना से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और भी समृद्ध होगी। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि भारत भवन हमारी कला आस्था का केन्द्र रहा है।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रयागराज में संत जनों का प्राप्त किया आशीर्वाद

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाकुंभ मेला क्षेत्र प्रयागराज में संतजनों से सौजन्य भेंट की और शुभाशीष प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कार्ष्णि आश्रम (रमणरेती धाम) में कार्ष्णिपीठाधीश्वर श्री गुरुशरणानंद जी महाराज एवं श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी जी महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने शिविर में विभिन्न संतों का सान्निध्य भी प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जूनापीठाधीश्वर श्री अवधेशानंद गिरि जी महाराज एवं स्वामी राघवाचार्य जी से भेंट कर उनका शुभाशीष प्राप्त किया।



## पश्चिम म.प्र. में सूर्य किरणों से बिजली अब 25250 स्थानों पर

### सबसे ज्यादा रूफ टॉप सोलर इंदौर शहर में 13800 स्थानों पर लगे

भोपाल। सूरज की किरणों से बिजली तैयार कर पर्यावरण सुधार के साथ ही बिजली बिल में कमी करने को लेकर पश्चिम म.प्र. में अच्छा कार्य हुआ है। इस 12 फरवरी की स्थिति में पश्चिम म.प्र. यानि मालवा- निमाड़ में 25 हजार 250 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर नेट मीटर यानि सौर ऊर्जा से बिजली तैयार की जा रही है। पश्चिम म.प्र. में सबसे ज्यादा सौर ऊर्जा से बिजली इंदौर शहर में 13 हजार 800 स्थानों पर तैयार हो रही है। पीएम सूर्य घर योजना लागू होने के बाद फरवरी 2024 से फरवरी 2025 के दूसरे सप्ताह तक पश्चिम म.प्र. में बारह हजार से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं ने सौर ऊर्जा उत्पादन प्रारंभ किया है। उच्चदाब और निम्न दाब के उपभोक्ताओं द्वारा अब कुल 25 हजार 250 स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है। इन स्थानों में घर, बहुमंजिला इमारत, औद्योगिक परिसर, शासकीय कार्यालय की छतें, नगर निगम के कचरा ट्रांसफर स्टेशन की छतें, दुकानों की छतें, शासकीय कार्यालयों के पास की खाली जमीन इत्यादि स्थान, परिसर शामिल हैं। पीएम सूर्य घर योजना लागू होने के बाद पश्चिम मध्यप्रदेश में रूफ टॉप सोलर की कुल उत्पादन क्षमता 220 मेगावॉट से ज्यादा हो गई है।

## स्वच्छता से ही सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार : सहकारिता मंत्री श्री सारंग

**भोपाल।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के संदेश को आत्मसात कर अपने कार्य क्षेत्र को भी स्वच्छ बनायें। स्वच्छता से ही सकारात्मकता का संचार होता है। जिस प्रकार हम घर और घर के आसपास स्वच्छता रखते हैं, उसी प्रकार अपने कार्यस्थल पर साफ-सफाई के लिये हर माह एक नियत तारीख पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मंत्री श्री सारंग ने गुरुवार को अपेक्स बैंक मुख्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के तहत चलाये जा रहे स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। पूरे प्रदेश में 10 हजार से अधिक सहकारी संस्थाओं के परिसरों में यह अभियान एक साथ चलाया गया।



### स्वभाव और संस्कारों में भी स्वच्छता जरूरी

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत सहकारिता का उन्नयन, विकास और सहकारिता के माध्यम से देश का नवनिर्माण करना ही लक्ष्य है। समाज और देश के नवनिर्माण के लिये सहकारिता के माध्यम से पूरी कार्य पद्धति को सार्थक और सकारात्मक बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने स्वभाव और संस्कारों में भी स्वच्छता के साथ काम करने की बात कही। यह वर्ष सहकारिता के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण को समर्पित है।

# जलसंरक्षण ग्रीष्मकाल के लिए पानी रोकने नाले पर किया बोरी बंधान

ज्ञान चन्द शर्मा/बालाघाट विकासखंड कंटगी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्त्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत एमएसडब्ल्यु बीएसडब्ल्यु छात्रो एव जल अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन सिमित आजनबिहारी व ग्रामीणजनो के संयुक्त तत्वावधान मे जल संरक्षण की दृष्टि से घोडेदेव नाले मे लगभग 180 बोरियो का बोरी बंधान कर जल संरक्षण एव संवर्धन संदेश दिया गया वही बंधान के बाद जल संरक्षण एंव संवर्धन के लिए संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र भगत ने कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अध्ययनरत एमएसडब्लयू एव बीएमडब्ल्यू के छात्र छात्राओ के सामूहिक प्रयास से जल के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी कार्ययोजना तैयार कर उन्होने कहा कि हम सब ने पिछ्ले वर्ष भी आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर विकासखंड वारासिवनी एव कंटगी मे जल संरक्षण एव संवर्धन के लिए 75 स्थानो पर बोरी बंधान और सोखता गडे का निर्माण कर अपने स्थानो मे संगोष्ठी चौपाल बैठक रैली चर्चा और ग्रामीण लोगो को शपथ दिलाकर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर संकल्प पूरा है इस वर्ष भी सभी परामर्शदाता नवाकर संस्थाओ के पदाधिकारी प्रस्फुटन समितियो के पदाधिकारी एव मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य मे खातक और स्ताकोतर के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा यह संकल्प पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है।

# सहकारी समितियो के निर्वाचन के लिए आरओ नियुक्त

ज्ञान चन्द शर्मा/बालाघाट मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एमबी ओझा ने सहकारी समिति के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है उन्होने प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या घोटी के लिए वनपाल गोविंद राम तुरकर नेवरवाही के लिए संतोष सिह कछ्वाहा चौरिया के लिए आशीष कुमार नागेश्वर कावेली के लिए देवेन्द्र रंगारे और सहकारी समिति धनसुवा के लिए वनपाल सालिगराम कुवे को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है सहकारी समिति के निर्वाचन संबंधी कार्यक्रम अनुसार सहकारी समिति नेवरवाही चौरिया कावेली और धनसुआ मे महिला पदो के विनिश्चय के लिए संचालक मंडल की बैठक के लिए सूचना जारी करने की तिथि 12 फरवरी संचालक मंडल की बैठक 13 फरवरी आमसभा की सूचना एव निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने की तिथि 14 फरवरी नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की तारीख 21 फरवरी नामांकन पत्रो की जांच एव वैध पत्रो की सूची का प्रकाशन 22 फरवरी नामांकन पत्रो की वापसी चुनाव चिन्हो का आवंटन 23 फरवरी और मतदान एव मतगणना का कार्य 28 फरवरी को संपन्न किया जाएगा।

# जिला पुलिस प्रशासन के विशेष कांबिंग गश्त अभियान में 79 वारंटी गिरफ्तार

## 200 से अधिक की संख्या में पुलिस बल द्वारा रात भर की गई कांबिंग गश्त

## जिले के 142 गुण्डा/निगरानी बदमाश तथा जिला बदर को किया चेक

बालाघाट की रिपोर्ट

ज्ञानचन्दशर्मा/बालाघाट पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह के निर्देशन एवम् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर और के.एल. बंजारे के सक्रिय मार्गदर्शन में बालाघाट पुलिस द्वारा 6-7 फरवरी की दरमियानी रात को सम्पूर्ण जिले भर में विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में 04 राजपत्रित अधिकारी व समस्त थाना प्रभारियों द्वारा स्वयं छेत्र में जाकर अपने अपने बल के साथ कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र में निवासरत/छुपे स्थाई फरारी एवम् गिरफ्तार वारंटी को तामिल करने का प्रयास किया गया। कांबिंग गश्त के दौरान खैरलांजी पुलिस ने अपराध क्रमांक 23/25 के फरार दुष्कर्म के आरोपी छगन पिता पाण्डु दशहरे उम्र 34 वर्ष निवासी सावरी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिले में की जा रही कांबिंग गश्त के द्वारा थाना क्षेत्र के गुंडे, निगरानी बदमाश व जिला बदर की निरंतर चेकिंग कर अपराधो की रोकथाम सहित छेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतू बालाघाट पुलिस लगातार कार्य कर रही हैं। भविष्य में भी इस प्रकार से अभियान चलाए जाते रहेंगे, जिससे गुण्डा, बदमाशो तथा असामाजिक तत्वों को अशांति फैलाने से रोका जा सके।


# जौमेटो ने बदल डाला अपना नाम नए नाम के साथ होगी फूड डिलीवर जानें क्या है कंपनी का नया नाम

## रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश

दिग्गज फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के बोर्ड ने गुरुवार को कंपनी का नाम बदलकर इटरनल करने की मंजूरी दे दी है। जौमेटो एक भारतीय फूड डिलीवरी वेबसाइट है, जिसे 2008 में शुरू किया गया था इसके साथ ही भारतीय बहुराष्ट्रीय रेस्तरां एग्रीगेटर और डिलीवरी कंपनी है।इसकी स्थापना दीपिंदर




गोयल और पंकज चड्ढा ने की थी। ज़ोमैटो 2022-23 तक 1,000 से ज़्यादा भारतीय शहरों और कस्बों में रेस्टोरेंट की जानकारी, मेन्यू और यूजर रिव्यू के साथ-साथ पार्टनर रेस्टोरेंट से फ़ूड डिलीवरी के विकल्प भी उपलब्ध कराता है। ज़ोमैटो फ़ूड डिलीवरी और हाइपरलोकल स्पेस में अन्य कंपनियों को टक्कर देता है।इस कंपनी की स्थापना शुरू में फूडीबे नाम से की गई थी, जिसे 18 जनवरी 2010 को जोमाटो (जोमाटो मीडिया पीवीटी एलटीडी) से बदल दिया गया। सूत्रों के अनुसार जब कंपनी ने ब्लिंकिट का अधिग्रहण किया, तो कंपनी और ब्रांड ऐप के बीच अंतर करने के लिए आंतरिक रूप से %इटरनल% का उपयोग करना शुरू कर दिया। कंपनी ने यह भी विचार किया कि हम सार्वजनिक रूप से कंपनी का नाम बदलकर इटरनल रख देंगे। कंपनी अब सिर्फ फूड डिलीवरी तक सीमित नहीं रहना चाहती इसलिए उसने ये फैसला किया है ।




रविदासजी महाराज ने कहा था कि मोक्ष प्राप्ति के लिए गंगा में नहाने की जरूरत नहीं है बल्कि कर्म अच्छे होने चाहिए अर्थात मन साफ होना चाहिए।

मेरे लिए गंगामैया से भी अधिक महत्वपूर्ण है मेरे गांव की नदी क्योंकि जब मेरे गांव की नदी में जल प्रवाह होता है, तभी मेरे परिवार सहित समस्त ग्रामवासियों के चेहरे खिलते हैं और सभी के लिए अच्छी कृषि पैदावार एवं समृद्धि का पथ प्रशस्त होता है। साथ ही हमारे तो पूर्वजों की स्मृतियां भी हमारे गांव की नदी से ही जुड़ी हुई है क्योंकि मेरे सभी पूर्वजों को मेरे गांव की नदी में ही दफनाया गया। अतः मेरे लिए गंगामैया से भी अधिक महत्वपूर्ण है मेरे गांव की नदी। हम सभी को भी अपने - अपने गांव की नदी को महत्त्व देना चाहिए। लेकिन कहते है न कि दूर के ढोल सुहावने तथा घर का जोगी जोगटा और पराया सिद्ध। बस यही कारण है कि लोग अपने गांव की नदी का अहसान भूलकर सिर्फ़ गंगामैया के गुणगान में ही व्यस्त है और जाने -अनजाने गंगामैया को भी प्रदूषित कर रहे हैं।

**भावना मंगलमुखी**
**पर्यावरण चिंतक**
**देवली (पाबूजी)**
**पाली राजस्थान**



## यूपी में अब पांच साल की संविदा के आधार पर मिलेगी सरकारी नौकरी

समूह 'ख' व 'ग' की भर्ती प्रक्रिया में बड़े बदलाव की तैयारी में प्रदेश सरकार

हर छह माह पर मूल्यांकन, किसी वर्ष में 60 प्रतिशत से कम अंक तो नौकरी से बाहर

संविदा पर नियुक्त कर्मियों को नियत वेतन

एमकेपीआई के आधार पर होगा मूल्यांकन

पीसीएस, पीपीएस व पीसीएस-जे ही नई व्यवस्था से बाहर

नई व्यवस्था के पक्ष में सरकार का तर्क

डबल इंजन के सरकार ला देखो,
बंधुआ मजदूर बनावत हे।
पढ़े-लिखे बेरोजगार मन ला,
सौंजिया के बाना पहिनावत हे।।
देस मा इंखर इही किसम के,
रामराज हा आही जी ।
सरकारी नौकरी नोहर होही,
डिग्री धारी मन पछताही जी।।
लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत दुर्ग (छ0ग0)

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन 7 फरवरी को होगा संपन्न

ज्ञान चन्द शर्मा /बालाघाट मध्यप्रदेश शासन की महत्वकांछी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन 7 फरवरी दिन शुक्रवार को दोपहर 4 बजे उत्कृष्ट विद्यालय मैदान बालाघाट में नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा आयोजित किया गया है। उक्त सामूहिक कन्या विवाह समारोह में 900 वर-वधू परिणय सूत्र में बंधेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव जी की ओर से प्रत्येक जोड़े को 49000/रुपए की राशि प्रदान की जायेगी। सम्मेलन में इनकी रहेगी प्रमुख उपस्थिति मुख्य अतिथि राव उदयप्रताप सिंह (प्रभारी मंत्री बालाघाट), अधक्छता श्रीमती भारती पारधी (सांसद बालाघाट सिवनी), प्रमुख अतिथि श्रीमती अनुभा मुंजारे (विधायक बालाघाट), राजकुमार कर्राहे (विधायक लांजी), गौरवसिंह पार धी(विधायक कटंगी), गौरीशंकर बिसेन (पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन), रामकिशोर कावरे(जिलाध्यक्ष भाजपा पूर्व मंत्री म. प्र. शासन), सम्राटसिंह सरस्वार(अध्यक्ष जिला पंचायत बालाघाट), राजा लिल्हारे(उपा. जिला पंचायत बालाघाट), विशिष्ट अतिथियो में इनकी रहेगी उपस्थिति रमेश रंगलानी, टी. डी. वैध, भगत नेताम, अनिल धुवारे, मौसम दीदी, रमेश भटेरे, रमाकांत डहाके, गुड्डा मरकाम, सत्यनारायण अग्रवाल। उक्त आयोजन को सफल बनाने की अपील श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवम् समस्त पार्षदगण नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा की गई है।





**ऐसा चाहूँ राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न।**
**छोट-बड़ों सब सम बसै, रविदास रहे प्रसन्न।।**

**जाति-जाति में जाति है,जो केतन के पात,**
**रैदास मनुष ना जुड़ सके,जब तक जाति न जात**

**परमज्ञानी, सामाजिक परिवर्तन के महानायक, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**

# सायबर जागरूकता अभियान अंतर्गत नगर सुरक्षा समिती के सदस्यो को जोडकर नगर सुरक्षा सायबर समिती का हुआ गठन

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशन मे प्रदेशभर मे सायबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक दिनाक 01.02.2025 से 11.02.2025 तक संचालित किया जा रहा है ताकि सायबर अपराधो मे कमी लाई जा सके। सायबर जागरूकता अभियान आदेश के पालन मे पुलिस उपायुक्त जोन-3 भोपाल रियाज इकबाल द्वारा जोन-3 के सभी थाना प्रभारियो के माध्यम से स्कूल , कालेज, कोचिंग संस्थानो, सार्वजनिक स्थान पर सायबर संबधी अपराधो के बारे मे जन जागरूकता बढाने के लिये कार्यक्रम आयोजित करवाये जा रहे है। सायबर जागरूकता अभियान के दौरान दिनाक 10.02.25 को रीजनल कालेज श्यामला हिल्स भोपाल मे नगर सुरक्षा समिती के सदस्यो का एक दिवसीय सायबर सुरक्षा सबंधी सेमीनार का आयोजन किया गया सेमिनार मे पुलिस उपायुक्त एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त भोपाल के







मार्गदर्शन मे प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित प्रतिभागियो को सायबर सबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण मे उपस्थित सभी प्रतिभागियो को सायबर अपराध के मुख्य कारक ÷आलस्य÷, ÷लालच÷. ÷भय÷ एवं ÷अज्ञानता÷ के बारे मे बताया ।सायबर सेल प्रभारी द्वारा प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियो को वर्तमान मे घटित हो रहे सायबर अपराध , डिजिटल अरेस्टिग, फोन-पे के माध्यम से फ्राड, ओटीपी के माध्यम से फ्राड, आनलाईन शोपिंग के माध्यम से फ्राड, के बारे मे बताया गया एवं भारत सरकार द्वारा सायबर सुरक्षा के लिये बनाये गये चक्षु पोर्टल , सपोर्ट पोर्टल एवं संचार साथी एप के बारे मे बताया गया सेमीनार के अंत मे नगरीय पुलिस जोन-3 भोपाल के सभी थानो मे नई पहल करते हुए ÷ नगर सुरक्षा सायबर समिती÷ का गठन किया जाकर क्षेत्र मे जन जागरूकता बढाने हेतु बताया गया है। गठित ÷नगर सुरक्षा सायबर समिती÷ पुलिस तथा जनता के मध्य सेतु का काम करते हुए जनता के साथ हो रहे आर्थिक अपराधो को रोकने मे पुलिस के लिये मील का पत्थर साबित होगी इन समितियो के कार्य का मासिक रूप से मुल्याकन किया जाकर मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।

# चीते के कुनबे में हो रही निरंतर वृद्धि मुख्यमंत्री ने चीते और शावकों को स्वछंद विचरण के लिये किया मुक्त

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**






मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह देखकर अत्यंत सुख की अनुभूति होती है कि कभी एशिया महाद्वीप से विलुप्त हो चुके चीते आज मध्यप्रदेश की पावन धरा पर रफ्तार भर रहे हैं और अपना कुनबा भी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷जीव चराचर जंतु समाना'' की भावना वाले मध्यप्रदेश की धरा अद्भुत है, जो वन्य-जीवों की आश्रय-स्थली बन गई और कई विलुप्तप्राय वन्य-प्राणियों की अठखेलियों का आँगन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिये वन्य-जीवन को सहेज कर रखने और जैव-विविधता के संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध हैं और आगे भी ऐसे नवाचारों के मध्यप्रदेश की पुण्य धरा को गौरवान्वित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पालपुर-कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता आशा, धीरा और आशा के 3 शावकों को बाड़े से खुले जंगल में स्वच्छंद विचरण के लिये मुक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चीतों की पुनर्स्थापना से कूनो की पर्यटन के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले 2 चीते खुले जंगल में छोड़े थे, जिससे वन्य जीवन में चीतों की पुनः बसाहट हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज 5 चीतों को जंगल में छोड़ने का अवसर मिला है। मैं प्रदेशवासियों को इसकी बधाई देता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परमात्मा करे कि यह चीते अच्छे से बढ़ें और पर्यटकों के लिये आकर्षण का केन्द्र बन सकें। उन्होंने वन्य-जीव संरक्षण और नेशनल पार्क की जैव-विविधता की सुरक्षा में जुटे कर्मियों के समर्पण की सराहना की और उनके कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो अभयारण्य में ईको-टूरिज्म की पहल को प्रोत्साहित किया। इससे न केवल संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि स्थानीय समुदायों के लिये रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि चीतों की पुनर्स्थापना के लिये भविष्य में कूनो राष्ट्रीय उद्यान को एक आदर्श वन्य-जीव अभयारण्य बनाने के लिये आवश्यकतानुसार प्रबंध किए जाएंगे। कूनो नेशनल पार्क से अभी तक 7 चीतों को जंगल में स्वच्छंद विचरण के लिये छोड़ा गया है। कूनो में नये 2 शावकों को मिलाकर कुल 26 चीते हो गये हैं। इन चीतों की मॉनीटरिंग के लिये 2 दल गठित किये गये हैं, जो छोड़े गये शावकों की निगरानी और सुरक्षा करेंगे। कूनो नेशनल पार्क में चीता रिलीज कार्यक्रम के दौरान कमिश्नर ग्वालियर आई.जी. चंबल कलेक्टर सहित प्रशासनिक एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# चार वर्षीय बालिका को भोपाल एम्स के लिये किया पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से एयरलिफ्ट

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**




रविवार को बालाघाट से लालबर्रा निवासी 4 वर्षीय बालिका स्मोली अवधिया को उपचार के लिये पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से भोपाल एम्स के लिये एयरलिफ्ट किया गया। आर्गन फेलियोर की समस्या से ग्रसित स्मोली का उपचार बालाघाट में चल रहा था। स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकीय सलाह से बालिका स्मोली को उच्च स्तरीय उपचार के लिये भोपाल लाया गया।



बालिका स्मोली के पिता राहुल अवधिया ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति आभार माना, जिनके प्रयासों से गरीब वर्ग के लिये विपरीत परिस्थितियों में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस योजना शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि हम जैसे गरीब तबके के लोग बीमारी की स्थिति में उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सेवाएँ नहीं ले पाते हैं। आज मेरी बेटी के भोपाल में उपचार के लिये एयर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध करायी गयी। इसके लिये मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत आभार। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट डॉ. मनोज पाण्डे ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से पीएमश्री एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी, जिससे बालिका स्लोमी को उच्च स्तरीय उपचार के लिये एम्स भोपाल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इसके पहले भी नक्सल घटना में घायल शिव कुमार शर्मा को उपचार के लिये पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से दिल्ली भेजा गया था।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आवेदकों की समस्याएं, अधिकारियों को आवेदन निराकरण के दिए निर्देश जनसुनवाई में 76 आवेदन हुए प्राप्त

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 76 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक को धैर्यतापूर्वक उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें आवेदक के शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रुख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अनुविभागीय



अधिकारी राजस्व अनूपपुर श्री सुधाकर सिंह बघेल, तहसीलदार अनूपपुर श्री अनुपम पांडेय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में श्री अमित यादव कोडा तहसील अनूपपुर धान खरीदी-बिक्री की धन राशि दिलाए जाने, धनी बाई मरावी सरपंच परसेलकला तहसील पुष्पराजगढ़ नल जल योजना अंतर्गत नर्मदा नदी व जोहिला नदी से ग्राम पंचायत तक पानी पहुंचाने, श्री राजू प्रसाद औढेरा तहसील अनूपपुर नक्शा एवं तरमीम सुधार कराए जाने, ओम प्रकाश पटेल मजगवां तहसील अनूपपुर निजी भूमि पर लगे फसल व जमीन क्षति का मुआवजा दिलाने, सियाराम केवट वेंकटनगर तहसील जैतहरी राजस्व अभिलेख सुधार, राकेश कुमार मिश्रा लतार सेजरा प्रमाण पत्र दिलाए जाने, ध्यान सिंह गोंड अमली पयारी तहसील अनूपपुर भूमि पर अवैध कब्जा करने से रोके जाने, प्रभाकर उरमालिया बरगवां तहसील अनूपपुर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने, राजकुमार पटेल भोलगढ़ तहसील अनूपपुर किसान सम्मन निधि लाभ दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

# संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर ग्राम रैदासपुरा में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई एवं समारोह आयोजित हुआ

**छतरपुर, मध्य प्रदेश –** ग्राम रैदासपुरा की आयोजक समिति ने संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर एक भव्य समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर ग्राम के समस्त निवासियों ने भाग लिया और संत रविदास जी के जीवन और उनके संदेशों को याद किया। समारोह की शुरुआत शोभा यात्रा से हुई, जो ग्राम के पंच चबूतरा से शुरू हुई और जटाशंकर रोड से होते हुए संपूर्ण ग्राम से होकर पंच चबूतरा पर समाप्त हुई। इसके बाद हवन किया गया और संत रविदास जी के जीवन और उनके संदेशों पर चर्चा की गई। आयोजक समिति के सदस्य इंजीनियर राहुल अहिरवार ने कहा, ÷संत रविदास जी का जीवन समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनकी भावपूर्ण कविताएं जाति और धर्म की सीमा से ऊपर उठते हुए पूरी मानवता को प्रेरित करती हैं। उन्होंने आगे कहा, ÷ग्राम रैदासपुरा में संत रविदास जी की जयंती का एक अलग ही महत्व है। ग्राम की संपूर्ण जनसंख्या अहिरवार है, और ग्राम का नाम संत शिरोमणि रविदास जी के नाम पर ही रैदासपुरा पड़ा है। इस



अवसर पर ग्राम के समस्त निवासियों ने संत रविदास जी के जीवन और उनके संदेशों को याद किया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय श्रमजीवी परिषद ब्लॉक अनूपपुर की कार्यकारणी घोषित

## ब्लॉक महासचिव अजय, उपाध्यक्ष अमित, निगम दास सचिव एवं अरविंद सदस्य नियुती



कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

अनूपपुर। राष्टीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्टीय संयोजक नलिन कांत वाजपेयी, राष्टीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष मयंक तिवारी वा प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी राजेश शुक्ला की अनुमति एवं संभागीय अध्यक्ष शहडोल चैतन्य मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनूपपुर अमित शुक्ला की अनुशंसा, जिला महामंत्री श्रवण कुमार उपाध्याय वा ब्लॉक अध्यक्ष अनूपपुर दिगम्बर शर्मा की सहमति पर ब्लॉक अनूपपुर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जहां अनूपपुर ब्लॉक के ब्लॉक अजय नामदेव, उपाध्यक्ष अमित तिवारी, सचिव निगम दास चौधरी एवं सदस्य अरविंद मिश्रा को नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर प्रदेश महासचिव राजेश दुबे ने सभी ब्लॉक पदाधिकारियों की नियुक्त पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संगठन हित मे नई ऊर्जा से कार्य करने एवं समय पर सदस्यता अभियान पूर्ण करने की आशा जताई है। ब्लॉक अनूपपुर के समस्त पदाधिकारियों की नियुक्त पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा, जिला प्रवक्ता भगवान दास मिश्रा, जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा शुक्ला, रमाकांत शुक्ला, संदीप द्विवेदी, शैलेंद्र द्विवेदी, कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी, जैतहरी ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीनाथ तिवारी, अनूपपुर ब्लॉक अध्यक्ष दिगंबर शर्मा एवं पुष्पराजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सोमू दुबे, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश पांडेय, प्रेमचंद अग्रवाल, उमाशंकर पांडेय, विनोद विन्धेश्वरी पांडेय, संतोष झा, धर्मेन्द्र कांत तिवारी, शिवम साहू, लक्ष्मी नारायण शुक्ला, अजीत तिवारी, महेश प्रसाद मिश्रा कोतमा, दुर्गा प्रसाद यादव, गौरव दहिया, आशुतोष सिंह, बृजेश जयसवाल, रमेश जयसवाल, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, राजेश सिंह, राजकुमार शुक्ला, नीरज द्विवेदी, अमित तिवारी, दिवाकर विश्वकर्मा, सीताराम पटेल, डी.एस.राव, अजय नामदेव, मदनमोहन मिश्रा, सुनील मिश्रा, प्रमोद तिवारी, चंदन केवट, पुनीत सेन, नियामुद्दीन अली, धनंजय तिवारी, कमलेश मिश्रा, श्रीराम केवट, रामचरण मिश्रा, अमीन वारसी, अरविंद मिश्रा, पुष्पेंद्र उमर्लिया, संस्कार गौतम, साबिर अली, अनिल कुमार सोनी, प्रीतम तिवारी, राजकुमार यादव, दिनेश केवट, प्रकाश तिवारी(मोंटी), अरूण त्रिपाठी, बबलू मिश्रा, चेतराम शर्मा, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, इंद्रपाल यादव, अमित कुमार बैंस, श्याम तिवारी, दीपेश जैन, प्रहलाद गुप्ता, गिरीश राठौर, पवन गौतम, मनोज जैन, बृजेश द्विवेदी, अनिल राठौर, विजय राठौर, सूरज राठौर, होलकर मांडवी, निगम दास चौधरी ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# रविदास जयंती पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन सतना के तत्वाधान में सतना में निकाली गई विशाल शोभायात्रा



**कैलाश कुमार – सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सतना - भीम आर्मी के उपलक्ष पर सतना जिला में बड़े ही हर्ष उल्लास के संतों में संत शिरोमणि रविदास गुरु जी महाराज की 648 में जयंती बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई जवाहर नगर से शहर में प्रभात फेरी कर जवाहर नगर में शोभायात्रा समापन किया गया जिसमें काफी अधिक मात्रा में जनसंख्या उपस्थित रही है।

## मानव - मानव एक समान

सबका शरीर है एक समान,
सबके रक्त का रंग है लाल।
फिर कोई कैसे होता है ऊंच
औ कोई क्यों कहाता नीच।
ये कोई प्रकृति विधान नहीं
कुछ लोगों ने स्वार्थ खातिर
फूट डालो औ राज करो का
रचा है भेदभावपूर्ण षडयंत्र।
बुद्ध कबीर रैदास घासीदास
गाडगे नारायणगुरु पेरियार
और बाबा साहेब सबने यही
संदेश दिया था जाति से नहीं
कर्म से महान बनता व्यक्ति।
शिक्षित बनो औ संघर्ष करो
औ शादी रचाओ अंतर्जाति
जातिवाद की तोड़ो बेड़ियां
औ गुलामी से पाओ मुक्ति।
??

**भावना मंगलमुखी**
**ट्रांसजेंडर लेखिका**
**पालघर महाराष्ट्र /**
**पाली राजस्थान**

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर किया गया




**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** राष्टीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के अंतर्गत किया गया इस शिविर में विशिष्ट अतिथियों के रूप मैं उपस्थित डॉ अमिता जोशी वरिष्ठ प्राध्यापक राजनीति शास्त्र बौद्धिक चर्चा के दौरान डिजिटल साक्षरता के लिए युवा विषय पर ध्यान केंद्रित करवाते हुए स्वम् सेवकों को युवा इस भारत के नीव है युवाओं के कंधों पर भारत का भविष्य है डिजिटल भारत मैं रील का जितना महत्व है उतना ही दैनिक जीवन मैं भोजन का इस थीम पर युवाओं की तुलना कंप्यूटर के सॉफ्टवेर एवं हार्डवेयर से की उन्होंने बताया की यादि कंप्यूटर के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों ही खराब हो जाते है तो कंप्यूटर किसी काम का नहीं होता उसी प्रकार युवाओं के जीवन मैं ध्यान त था योग ना हो तो जीवन रूपी कंप्यूटर अस्त व्यस्त रहता है , इसलिए युवाओं को एक सही दिशा मैं और सही समय मैं अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए इसी क्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ कमल वाधवा सर ने युवा का अर्थ उम्र से बताया । युवा देश के आइकॉन है , स्वामी विवेकानंद देश के आइकॉन माने जाते हैं बकाया ब्रेन मैं न्यूरॉन्स होते है बायोलॉजी मैं इसे यूथ कहा जाता है, प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में हार्ड एवं सॉफ्ट दोनों स्किल्स होना चाहिए ताकि वे करियर मैं सफल हो सके । इन्होंने बताया कि युवा ने यादि अपना मन नियन्त्रित कर लिया तो उत्साही युवा है । इसी क्रम मैं महाराणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल,रोहना के संचालक श्री रवि शंकर राजपूत जी ने बताया कि युवाओं को ऊर्जावान होना चाहिए आज के युवा के संस्कतरतियों की तुलना रामचरितमानस मैं श्री राम भगवान युवा अवस्था का वर्णन करते हुए बताया कि हमारे समाज में हर एक उम्र का संस्कार है मोबाइल ने इस संस्कृति का सिस्टम खराब दिया है । युवा अवस्था मैं सही रास्ता दिखाने पर ही युवाओं का भविष्य उउज्वल और कामयाब है एवं इस बौद्धिक चर्चा के दौरान इस कार्यक्रम में डॉक्टर एस के दिवाकर प्रोफेसर नितिन वाघमारे प्रोफेसर वरुण तिवारी स्वयंसेवक धर्मेंद्र कटारे दर्शन सिंह मोहन माझी शुभम बामने एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अपने आप को जिम्मेदार मानकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें -कांग्रेस प्रदेशअध्यक्ष जीतू पटवारी

### प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का हुआ दो दिवसीय जिला आगमन,वरिष्ठ नेता आशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने किया गर्म जोशी से स्वागत

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का दो दिवसीय जिला आगमन हुआ जीतू पटवारी डिंडोरी से चलकर पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचे मां नर्मदा मंदिर में जाकर विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि विकास की कामना करते हुए पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजेंद्र ग्राम पहुंचे वहां के विधायक फुंदेलाल सिंह द्वारा प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का गुदुम ढोल नगाड़े गाजे बाजे आतिशबाजी के गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया । राजेंद्रग्राम कार्यक्रम तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का जिला मुख्यालय अनूपपुर आगमन हुआ जहां वरिष्ठ कांग्रेस नेता समाजसेवी आशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी का स्वागत कर सम्मान किया। अनूपपुर जिला मुख्यालय आगमन के दौरान राम कथा मैदान के समीप जिला अध्यक्ष रमेश सिंह आशीष त्रिपाठी राघवेंद्र पटेल के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर रैली के साथ लेकर अमरकंटक तिराहा रेलवे अंडर ब्रिज पीएचई कार्यालय के समीप पहुंचे । पीएचई कार्यालय के समीप जीतू पटवारी पहुंचते ही अपने वाहन से उतरकर सभी महिला कांग्रेस नेत्रियों को गुलदस्ता देकर सौजन्य भेंट करते हुए सभी को कार्यक्रम स्थल पहुंचने की अपील किया। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश सिंह आशीष त्रिपाठी के अपील पर हजारों कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम स्थल सर लगन पहुंचकर अपने लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को सुना जीतू पटवारी ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर आमने-सामने बात किया कि आखिर हम 25 साल से सत्ता से बाहर क्यों हैं। किसकी जिम्मेदारी है कई कांग्रेसी नेताओं ने अपने जवाब में खुले मंच से कहा कि गुटबाजी अनुशासनहीनता चाटुकारिता भाजपाइयों के एजेंट बनकर कार्य करने वाले लोग भीतर घात करते हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी कहीं ना कहीं सत्ता में नहीं आ पा रही उद्बोधन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि










सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अपने आप को जिम्मेदार मानकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें । सभी कार्यकर्ता पहुंचकर अपनी-अपनी बात रखें और समस्या का समाधान कैसे होगा अपना राय दें। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष के साथ विधायक फुंदेलाल सिंह, पूर्व विधायक सुनील शराफ, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह, आशीष त्रिपाठी, गुड्डू मिश्रा, श्रीमती प्रीति रमेश सिंह ,मंजू मिश्रा ,भूपेंद्र सिंह, करतार सिंह, ऋषि तिवारी ,चंद्रभान मिश्रा, रिंकू मिश्रा, डॉक्टर चौहान के साथ हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### झलकियां

(1)प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर दिखी जमकर गुटबाजी,कार्यकर्ताओं ने खुलकर बताया गुटबाजी के चलते नहीं बन रही सरकार

(2)प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने किया टुकड़े-टुकड़े में स्वागत

(3)कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी निकले कांग्रेस की असली जमीन नापने अनूपपुर जिले की गुटबाजी सड़कों पर

(4)कांग्रेस अध्यक्ष के जिला आगमन पर विधायक फुंदेलाल सिंह, पूर्व विधायक सुनील सराफ, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह, आशीष त्रिपाठी का दिखा दबदबा।

(5)प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कार्यकर्ताओं का किया सम्मान कार्यकर्ता हुए गदगद।

# नगर देवरी में सतगुरु रविदास जी की जयंती पर भव्य रैली निकाली गई, सैकड़ों लोग हुए शामिल ।



**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**

देवरी। नगर देवरी में आज सतगुरु रविदास जी की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर नगर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली की शुरुआत अंबेडकर नगर वार्ड नंबर 8 से की गई, जहां श्रद्धालुओं ने सतगुरु रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन गाते हुए संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। रैली के दौरान कई जगह स्वागत मंच लगाए गए, जहां स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सतगुरु रविदास जी ने समाज में समानता, प्रेम और भक्ति का संदेश दिया था, और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, धार्मिक संगठनों के सदस्य और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला, और जयंती समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पूरे कार्यक्रम के आयोजकों में गोटीराम अहिरवार जिला उपाध्यक्ष अ. स. स. रायसेन, दिनेश बघेल पार्षद देवरी, रमन बामने, राकेश अंबेडकर, कैलाश बघेल, विजय बघेल( वन विभाग), अशोक अहिरवार, गणेश प्रसाद अहिरवार, भुजवल सिंह अहिरवार, कमलेश बघेल, आशीष बघेल, प्रदीप बघेल, कुंदन सिंह और तमाम युवा शामिल हुए।



# जैतहरी जेई की मनमानी से विद्युत कर्मियों में आक्रोश, स्थानांतरण की मांग





कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

अनूपपुर। जैतहरी विद्युत वितरण केंद्र में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता उमेश कुमार गुप्ता की कार्यशैली से त्रस्त विद्युत कर्मचारियों ने सोमवार को अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने जेई पर भ्रष्टाचार, दुर्व्यवहार और मनमानी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में बताया गया कि उमेश कुमार गुप्ता के पदस्थ होने के बाद से वे अधीनस्थ कर्मचारियों से गाली-गलौज कर उनका मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्हें नौकरी से निकालने और जबरन स्थानांतरण कराने की धमकियां दी जा रही हैं। इसके अलावा, उन्होंने कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाते हुए स्टोर में रखे कीमती तारों और अन्य सामग्री को अवैध रूप से बेच दिया है।कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि 26 जनवरी को कार्यालय की सफाई के बहाने महत्वपूर्ण दस्तावेजों और उपभोक्ता रजिस्टरों को जला दिया गया। इसके अलावा, पीसीसी पोलों को निजी उपयोग के लिए बेचने की शिकायत भी की गई है।विद्युत कर्मियों का कहना है कि जेई के व्यवहार से वे कंपनी और मंडल के कार्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से मांग की है कि उमेश कुमार गुप्ता के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए और उन्हें अविलंब स्थानांतरित किया जाए ताकि कार्य प्रणाली सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# जिले को विकासपथ पर आगे ले जाने तथा शासन की सेवाओं को और बेहतर करने किए जाएंगे सतत् प्रयास- कलेक्टर




**(कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित)**



हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार साथी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने पत्रकारगणों से चर्चा करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और समन्वित प्रयासों से रायसेन जिले को विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। जिले में विकास कार्यों के साथ-साथ आमजन के कल्याण हेतु चलाई जा रहीं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ नागरिकों तक सुगमता से पहुंचाना है। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं, सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयावधि में निराकरण सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही प्रयास करेंगे कि राजस्व प्रकरणों का बेहतर तरीके से त्वरित निराकरण हो। शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी और पायलट प्रोजेक्ट वाली योजनाओं का भी जिले में प्रभावी क्रियान्वयन हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से विकास और निर्माण के कार्य चल रहे हैं वे समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों। इसके लिए वह स्वयं भी आकस्मिक निरीक्षण कर रहे हैं जो कि सतत् जारी रहेंगे। साथ ही अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने पत्रकारगणों से कहा कि जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा सहित आमजन को प्रदाय की जाने वाली सभी सेवाओं को और अधिक बेहतर और समयबद्ध करने का प्रयास रहेगा। उन्होंने जिले में विकास सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा कर सुझाव भी लिए।

# पुलिस द्वारा चोरो से बरामद तीन लाख के सोने चांदी के जेवरात न्यायालय आदेश पर फरियादी को सौंपे

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ**

अनूपपुर। दीपक सोनी उम्र 31 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 13, पुलिस कॉलोनी रोड, बस्ती रोड, अनूपपुर, ने कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि वह अपने परिवार के साथ मैहर दर्शन के लिए गया था, घर पर ताला लगा हुआ था। अगले दिन लौटने पर उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए हैं। इस शिकायत पर कोतवाली थाना में अपराध क्रमांक 378/24, धारा 331(4) और 305 () के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रवीण साहू, प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह, शेख रशीद, रितेश सिंह, महिला आरक्षक अंकिता सोनी और आरक्षक अब्दुल की टीम ने मामले की जांच करते हुए मुख्य आरोपी सोनू सिंह उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम छपराटोला, ग्राम लखनपुर, थाना कोतवाली, अनूपपुर को गिरफ्तार किया गया। चोरी के जेवरात खरीदने में शामिल राजेश सोनी (उम्र 48 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 15, सोनी मोहल्ला, पुरानी बस्ती, अनूपपुर, और उसकी पत्नी सुधा सोनी उम्र 45 वर्ष को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 03 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए, जिनमें पायल, पाजेब, करधन, हाथ की मेहंदी, बच्चों के हाथ और पैर के चूड़े, गले की चेन, ब्रेसलेट, बड़ों के कंगन और चूड़े, और सोने के कान के 5 जोड़ी टॉप्स शामिल हैं। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर चेनवती ताराम द्वारा उक्त प्रकरण में कोतवाली पुलिस द्वारा जप्तशुदा सोने चांदी के जेवरात प्रकरण के प्रार्थी दीपक कुमार सोनी को सुपुर्दनामा पर दिये जाने का आदेश जारी करने



पर थाना कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा उक्त सोने चांदी के जेवरात प्रकरण के प्रार्थी दीपक कुमार सोनी पिता छविलाल सोनी उम्र 25 साल निवासी वार्ड न. 03 पुरानी बस्ती अनूपपुर को सौंप दिये गये। घर का रात्रि में ताला तोड़कर चोरी किये गये सोने चांदी के जेवरात वापस पाने पर दीपक सोनी द्वारा अनूपपुर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए सराहना की।

# समर्पण दिवस पर उदयपुरा विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व योगदान, पहले दिन ही संकलित किए 21,26,000

**राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कार्यकर्ताओं की प्रशंसा कर जताया आभार।**

हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार



बरेली। भाजपा के पितृपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को भाजपा द्वारा समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। इसी क्रम में उदयपुरा विधानसभा के 7 मंडलों के 308 बूथों पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। समर्पण दिवस पर प्रारंभ हुए आजीवन सहयोग निधि अभियान के अंतर्गत उदयपुरा विधानसभा में पहले दिन ही 21 लाख 26 हजार रुपये की राशि एकत्रित की गई। बरेली स्थित शिवाजी सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा कर आभार जताया। भाजपा के इस अभियान में कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। प्रत्येक मंडल के कार्यकर्ताओं ने अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। अभियानांतर्गत उदयपुरा विधानसभा के खरगौन मंडल से सर्वाधिक 3 लाख 51 हजार राशि एकत्र हुई। इसके साथ ही उदयपुरा मंडल से 3 लाख 38 हजार, देवरी मंडल से 3 लाख 5 हजार, बरेली मंडल से 3 लाख 4 हजार, भारकच्छ मंडल से 3 लाख 2 हजार, बरेली ग्रामीण मंडल से 2 लाख 75 हजार व नूरनगर मंडल से 2 लाख 51 हजार की अजीवन सहयोग निधि संकलित की गई। राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि उदयपुरा विधानसभा के समर्पित कार्यकर्ताओं ने जिस निष्ठा और उत्साह के साथ अभियान में भाग लिया, वह संगठन के प्रति अटूट श्रद्धा और सेवा भावना का प्रतीक है। आप सभी के इस योगदान, प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए हार्दिक अभिनंदन एवं सादर आभार।

# केंद्रीय विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन






**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर/ जमुना- कोतमा। छात्रों में सर्वांगीण विकास के साथ-साथ विधिक साक्षरता का भी विकास होना आवश्यक होता है , इसी परिप्रेक्ष्य में कोतमा तहसील के विधिक सेवा समिति द्वारा साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज केंद्रीय विद्यालय एसईसीएल जमुना कॉलरी में शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री विक्रम सिंह प्रथम जिला न्यायाधीश कोतमा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री महेंद्र कुमार उईके द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं श्री भगवान दास मिश्रा पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथि महोदय के स्वागत से हुआ । प्रभारी प्राचार्य श्री वी के सोनी ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया । छात्रों को विधिक सेवाओं के लिए जागरूक करते हुए न्यायाधीश महोदय ने छात्रों को संबोधित किया । उन्होंने बताया कि जिस प्रकार हर वयस्क नागरिक को विधिक अधिकार प्राप्त हैं उसी प्रकार बच्चों और किशोरों को भी भारतीय न्याय संहिता में विशेष अधिकार प्राप्त हैं । बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें पास्को, बाल सुधार गृह तथा अन्य सामाजिक अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे विधिक सहायता संस्थाओं की जानकारी दी । इन्ही संस्थाओं में प्रमुख तहसील विधिक सेवा समिति की कार्यशैली और उपयोगिता पर प्रकाश डाला । यह समिति हर जरूरतमंद को निःशुल्क विधिक सलाह और सहायता उपलब्ध करवाती है । इसके अतिरिक्त यह समिति जनहित के मामले भी स्वतः संज्ञान द्वारा हल करने में सदैव प्रयासरत रहती है । अंत मे वरिष्ठ शिक्षक श्री अज़्मल खान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ साक्षरता शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुश्री साज़िदा एवं श्री मृत्युंजय मिश्र द्वारा समस्त विद्यालय परिवार के सहयोग से किया गया ।

# एशियाड के स्वर्ण विजेता तोंडईमान का कमाल, राष्ट्रीय खेलों की ट्रैप स्पर्धा में जीता सोना





**रुद्रपुर (उत्तराखंड), एजेंसी।** दिल्ली की कीर्ति गुप्ता (42 अंक) से पहला स्थान हासिल करने से चूक गई जबकि हरियाणा की आशिमा अहलावत (32 अंक) ने कांस्य पदक जीता। एशियाई खेलों की टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता तमिलनाडु के निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडईमान ने रविवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की पुरुष ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि मध्य प्रदेश की नीरू ढांडा महिला स्पर्धा में शीर्ष पर रहीं। तोंडईमान ने ट्रैप फाइनल में 42 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि राजस्थान के अली अमन इलाही ने 41 के साथ रजत पदक जीता।

उत्तराखंड के आर्यवंश त्यागी ने 29 के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। तोंडईमान 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में पुरुष ट्रैप टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। महिला वर्ग में मध्य प्रदेश की नीरू ढांडा ने 43 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की कीर्ति गुप्ता (42 अंक) से पहला स्थान हासिल करने से चूक गई जबकि हरियाणा की आशिमा अहलावत (32 अंक) ने कांस्य पदक जीता।

वैदेही राष्ट्रीय खेलों के टेनिस महिला एकल सेमीफाइनल में पहुंचीं

गत चैंपियन गुजरात की वैदेही चौधरी रविवार को राष्ट्रीय खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। वैदेही ने क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में हरियाणा की अंजलि राठी को 6-1, 6-1 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला सोमवार को महाराष्ट्र की आकांक्षा निटुरे से होगा।

आकांक्षा ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तेलंगाना की लक्ष्मी सिरी डांडू को 6-3, 4-6, 6-2 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला कर्नाटक की अमोदिनी नाइक और महाराष्ट्र की वैष्णवी अडकर के बीच होगा। अमोदिनी ने अंतिम आठ में हरियाणा की अदिति रावत को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया, जबकि वैष्णवी तमिलनाडु की लक्ष्मी प्रभा अरुणकुमार पर 6-3, 7-5 से विजेता बनीं।

महिला युगल में वैदेही और जील देसाई की गुजरात की जोड़ी ने हरियाणा की अंजलि राठी और अदिति त्यागी को 6-3, 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में उनका सामना महाराष्ट्र की पूजा इंगले और आकांक्षा निटुरे की जोड़ी से होगा। महाराष्ट्र की जोड़ी ने सेमीफाइनल में उत्तराखंड की दीया चौधरी और जया कपूर को 5-7, 6-4, 10-8 से हराया। पुरुष एकल में सेना के इशाक इकबाल ने पश्चिम बंगाल के नितिन कुमार सिन्हा को 6-4, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार ने भी हरियाणा के उदित कंबोज को 6-4, 6-1 से हराकर अंतिम चार में जगह पक्की की। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में गुजरात के देव जाविया ने उत्तराखंड के द्रोण वालिया को 6-2, 6-1 से हराया जबकि कर्नाटक के प्रज्वल देव ने दिल्ली के सार्थक सूडान को 6-3, 6-2 से हराया।




नेशनल गेम्स

## ज्योति याराजी और तेजस का शानदार प्रदर्शन, बाधा दौड़ स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता

**देहरादून, एजेंसी।** गत एशियाई चैंपियन और 2023 में हुए हांगझो एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की याराजी ने फाइनल में 13.10 सेकेंड के समय के साथ 13.22 सेकेंड के अपने पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2023 में बनाया था

स्टार महिला धावक आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी और तेजस शिरसे ने देहरादून में जारी राष्ट्रीय खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ क्रमश- महिला 100 मीटर बाधा दौड़ और पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में लगातार तीसरे स्वर्ण पदक जीते। अपनी स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक शिरसे और याराजी ने इससे पहले गुजरात और गोवा में हुए पिछले दो राष्ट्रीय खेलों में भी स्वर्ण पदक जीते थे। गत एशियाई चैंपियन और 2023 में हुए हांगझोउ एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की याराजी ने फाइनल में 13.10 सेकेंड के समय के साथ 13.22 सेकेंड के अपने पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2023 में बनाया था। याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड है। पश्चिम बंगाल की मौमिता मंडल ने 13.36 सेकेंड के साथ रजत पदक अपने नाम किया, जबकि तमिलनाडु की नित्या रामराज ने 13.60 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।




## मैथ्यू ने पहले मैच में रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान में खेली जा रही ट्राई सीरीज का दूसरा मैच न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया. इस भिड़ंत में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी और जब अफ्रीकी टीम पहले बैटिंग करने आई तो उसने 26 वर्षीय मैथ्यू ब्रीत्जके को डेब्यू का अवसर दिया. मैथ्यू ने अपने पहले ही मैच में इतिहास रच डाला है क्योंकि वो डेब्यू वनडे मैच में 150 रन बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं.

मैथ्यू ब्रीत्जके ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 148 गेंदों में 150 रन की पारी खेली. इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 5 छक्के लगाए. उनसे पहले वनडे डेब्यू मैच में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के डेसमोंड लियो हेन्स के नाम था, जिन्होंने साल 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 148 रन बनाए थे.

मैथ्यू ब्रीत्जके ने बहुत धीमे अंदाज में शतकीय पारी खेली थी. वो इतना धीरे खेल रहे थे कि उनका शतक 128 गेंदों में पूरा हुआ, लेकिन जैसे ही सेंचुरी पूरी हुई वैसे ही यह 26 वर्षीय बल्लेबाज तूफानी मोड में आ गया. ब्रीत्जके ने अगली 20 गेंदों में तेजतर्रार बैटिंग करते हुए 49 रन ठोक डाले. इस तरह उनकी पारी 148 गेंदों में 150 के स्कोर पर समाप्त हुई. ब्रीत्जके ने इस मैच में वियान मुल्डर के साथ मिलकर 131 रनों की साझेदारी की, इसके अलावा उन्होंने जेसन स्मिथ के साथ मिलकर भी 93 रनों की पार्टनरशिप की.

### वनडे डेब्यू में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर

- मैथ्यू ब्रीत्जके – 150 रन बनाम न्यूजीलैंड
- डेसमोंड हेन्स – 148 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया
- रहमनुल्लाह गुरबाज – 127 रन बनाम आयरलैंड
- कॉलिन इंग्रम – 124 रन बनाम जिम्बाब्वे

## ना बल्ले से रन, कीपिंग भी फीकी

### केएल राहुल ने गंवाया गोल्डन चांस, क्या अहमदाबाद में पंत को मिलेगा मौका?




नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 9 फरवरी (रविवार) को कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में भारतीय टीम ने चार विकेट से जीत दर्ज करके सीरीज में 2–0 की अजेय बढ़त ले ली. मुकाबले में भारतीय टीम के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने शतकीय पारी खेली. रोहित ने 90 गेंदों पर 119 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और 7 छक्के शामिल रहे.

रोहित शर्मा ने तो फॉर्म में वापसी कर ली, लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने इस मैच में भी निराश किया. राहुल सिर्फ 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. राहुल इससे पहले नागपुर वनडे में भी महज 2 रन बना पाए थे. दोनों मुकाबले में राहुल के पास मैच फिनिश करने का मौका था, लेकिन वो टीम को जीत दिलाने से पहले ही पवेलियन लौट गए.

केएल राहुल पिछले साल श्रीलंका दौरे पर भी वनडे सीरीज में कुछ खास नहीं कर पाए थे. तब उन्होंने दो पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए थे. तब तीसरे वनडे में ऋषभ पंत को मौका मिला था. देखा जाए तो राहुल पिछले चार वनडे मैचों में 10.75 की औसत से 43 रन ही बना सके हैं, जो इस फॉर्मेट में उनके खराब फॉर्म को बयां करता है.

कटक वनडे में केएल राहुल की विकेटकीपिंग भी फीकी रही. राहुल की गलती से ही जो रूट को जीवनदान मिला. दरअसल राहुल की सलाह पर कप्तान रोहित शर्मा ने रूट के खिलाफ डीआरएस नहीं लेने का फैसला किया. मगर रिप्ले में साफ दिखा कि बॉल मिडिल स्टम्प पर लग रही थी. रिप्ले देखने के बाद कप्तान रोहित को पछतावा हुआ और वो विकेटकीपर राहुल पर नाराज दिखे. बता दें कि एलबीडब्ल्यू के लिए डीआरएस लेने में विकेटकीपर की कॉल बेहद जरुरी होती है.

# लंबे समय से खेल रहा हूं, जानता हूं मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है: रोहित शर्मा




### भारत ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में शानदार शतक लगाकर खराब फॉर्म के बाद बल्ले से बढ़िया वापसी की। यह मुकाबला कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेला गया था। रोहित का मानना है कि खिलाड़ी का माइंडसेट मजबूत होना बहुत जरूरी है। रोहित शर्मा ने अपनी मानसिक मजबूती पर भरोसा जताया और रविवार को 90 गेंदों में 119 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 7 छक्के शामिल थे। इस पारी की बदौलत भारत ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

हाल ही में रोहित न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इसके बाद नागपुर में खेले गए पहले वनडे में भी वह सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए थे। इस कारण उनकी काफी आलोचना हो रही थी। लेकिन रोहित ने इस पारी से अपने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा, अगर कोई खिलाड़ी सालों तक खेलता आया है और ढेरों रन बनाए हैं, तो इसका मतलब कुछ तो है। उन्होंने कहा कि बाहर की बातें उन्हें प्रभावित नहीं करतीं और कुछ खराब पारियां उनके आत्मविश्वास को नहीं डिगा सकतीं। रोहित ने कहा, मैं लंबे समय से क्रिकेट खेल रहा हूं और जानता हूं कि मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है। मुझे बस मैदान पर जाकर वही करना होता है, जो मैं हमेशा करता आया हूं। मैं अपने खेल को अच्छे से समझता हूं और जानता हूं कि एक-दो खराब पारियां मेरी सोच नहीं बदल सकतीं। यह मेरे लिए एक आम दिन की तरह था। भारतीय कप्तान ने यह भी बताया कि वह हर मैच में पूरी कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, हमारा काम सिर्फ मैदान पर जाकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। वही सबसे महत्वपूर्ण है। मैं जब भी बल्लेबाजी करने उतरता हूं, तो मेरी कोशिश हमेशा अच्छा करने की होती है।

उन्होंने यह भी बताया कि खराब फॉर्म के दौरान स्पष्ट सोच रखना बहुत जरूरी होता है। हालांकि, यह आसान नहीं होता। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती हैं, कई बार नहीं। लेकिन जब तक आपको पता है कि आपको क्या करना है, बाकी बातें मायने नहीं रखतीं। जब आपने इतने रन बनाए होते हैं, तो आपको बस उसी मानसिकता में लौटने की जरूरत होती है। सुनने में यह आसान लगता है, लेकिन वास्तव में यह मुश्किल होता है। मेरे लिए सबसे जरूरी चीज खेल का आनंद लेना है। आखिरकार, हम क्रिकेट इसी मजे के लिए तो खेलते हैं।

# पंजाब के पटियाला में रॉकेट लॉचर से भरा थैला मिला, लोगों में हड़कंप

एजेंसी | पटियाला

पटियाला के राजपुरा रोड पर रॉकेट लॉचर से भरा थैला मिला है। यहां एक थैले में रॉकेट लांचर और खतरनाक हथियार मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस की टीम को एक संदिग्ध थैला मिला जिसे खोलने पर सभी हैरान रह गए। यह थैला रॉकेट लांचर से भरा हुआ था। पुलिस ने हथियारों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक यह थैला एक शख्स को मिला था। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और थैले को अपने कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा थैले में 11 बम भी थे। मौके पर बम



निरोधक दस्ता भी पहुंचा था। एक राहगीर ने बताया कि कूड़े के ढेर में बम की तरह की चीजें पड़ी हैं। इसके बाद पुलिस ने पहुंचकर इलाके को सील करवा दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सारी स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इतने खतरनाक हथियार और गोला-बारूद मिलने के बाद पूरे इलाके में दहशत है। वहीं पास में एक स्कूल भी है। वहीं यह कोई वीरान इलाका नहीं बल्कि रिहाइशी इलाका है। इसके बाद इतने खतरनाक हथियारों से कोई हादसा भी हो सकता था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक बमों में बारूद ना होने की पुष्टि की गई है। पुलिस का कहना है कि संभव है कि कबाड़ वाले ने इन्हें यहां फेंका हो। कोई भी बम सक्रिय नहीं था। सभी बम और रॉकेट लॉन्चर पुराने हैं।

# भाजपा नेता को सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अधकच्चा आदेश जारी नहीं कर सकते



एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच में सोमवार को भाजपा नेता और वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा 2016 में दाखिल जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई हो रही थी। उपाध्याय ने अपनी याचिका में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को संसद, विधानसभा या अन्य विधायी निकायों का सदस्य बनने से प्रतिबंधित लगाने की मांग की है। सुनवाई के दौरान भाजपा नेता उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान एवं पूर्व संसद सदस्यों तथा विधानसभा सदस्यों के खिलाफ करीब 5,000 से ज्यादा मामले पेंडिंग हैं। साथ ही उन्होंने शीर्ष न्यायालय से आग्रह किया कि वे सांसदों के विरुद्ध मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए निर्देश जारी करे और हाई कोर्ट को भी एमपी/एमएलए कोर्ट की तरह एक अलग बेंच या कोर्ट बनाने का निर्देश जारी करे। वरिष्ठ वकील ने कहा कि सवाल यह है कि क्या दोषी करार दिया गया व्यक्ति किसी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल का पदाधिकारी हो सकता है? उन्होंने कहा कि आज कानून यह है कि कोई व्यक्ति किसी की हत्या करके भी किसी राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल का अध्यक्ष हो सकता है। यह विचारणीय मुद्दा है। इस पर जस्टिस मनमोहन ने कहा, उपाध्याय, आपका लक्ष्य ऐसा है, इस हमें एक देश के रूप में हासिल करना है, लेकिन हम आपके कहने पर अधकच्चा आदेश जारी नहीं कर सकते। हमें अधूरी कवायद नहीं करनी चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एमिकस क्यूरी विजय हंसारिया ने कहा कि मामले को दो सप्ताह बाद रखा जा सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि केंद्र की ओर से कोई प्रतिनिधि हैं या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम हर हितधारक की बात सुनने के लिए तैयार हैं। कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील को भी सुना। हंसारिया द्वारा दायर नए हलफनामे में कहा गया है कि विधायकों का उनके खिलाफ मामलों की जांच और/या सुनवाई पर बहुत प्रभाव होता है और सुनवाई पूरी नहीं करने दी जाती है। हलफनामे में कहा गया है, ह्वबड़ी संख्या में मामलों का लंबित रहना, जिसमें से कुछ दशकों से लंबित हैं, यह दर्शाता है कि विधायकों का अपने विरुद्ध मामलों की जांच और/या सुनवाई पर बहुत अधिक प्रभाव है, तथा मुकदमे को पूरा नहीं होने दिया जाता है।

## अपने बयान को लेकर माफी चाहते हैं रणवीर, शो को बायकॉट करने की मांग उठ रही

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी रणवीर इलाहाबादी के बयान की निंदा की है। मामले को तूल पकड़ता देख रणवीर ने माफी मांगी है। अपने बयान को लेकर किसी भी तरह का जस्टिफिकेशन नहीं दूंगा, बस माफी चाहते हैं। यूट्यूबर ने वीडियो शेयर कर कहा कि मेरा बयान अनुचित था। फनी भी नहीं था। मैं बस मॉफी चाहता हूं। जजमेंट में मुझसे गलती हुई। जो मैंने बोला वहां कूल नहीं था। मेरे पॉडकास्ट को हर उम्र के लोग देखते हैं। मैं वैसा इंसान नहीं बनना चाहता जो इस जिम्मेदारी को हल्के में लूंगा।

### क्या है पूरा मामला?

रणवीर इंडियाज गॉट लेटेंट शो में बतौर गेस्ट जज शामिल हुए थे। यहां पर एक कंटेस्टेंट से उसके पेरेंट्स की सेक्स लाइफ पर विवादित सवाल पूछ लिया। सवाल ये था कि क्या आप अपने पेरेंट्स को पूरी जिंदगी इंटीमेट होते देखना चाहोगे? या फिर एक बार उन्हें ज्वॉइन कर फिर कभी नहीं देखोगे? रणवीर का सवाल सुन वहां बैठी ऑडियंस और बाकी जज जोर से हंसने लगे। देखते ही देखते ये क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। यूट्यूबर का भद्दा सवाल सुन लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। शो को बायकॉट करने की मांग उठ रही है।

## भाजपा विधायक का दावा, मान को नालायक बताकर पंजाब के सीएम बनाना चाहते हैं केजरीवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने भी दावा किया है कि आप के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की गिदद की तरह नजरें पंजाब पर हैं। दावा है कि केजरीवाल विधायकों के द्वारा दबाव डालकर पंजाब का सीएम बनने का सपना देख रहे हैं। खास बात है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद केजरीवाल ने पंजाब के मंत्रियों और विधायकों की बैठक बुला ली है। भाजपा नेता और विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, दिल्ली चुनाव हारने के बाद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों की बैठक दिल्ली में बुलाई थी। बताया जा रहा है कि केजरीवाल अब भगवंत मान जी को नालायक बताकर, अयोग्य बताकर, पंजाब में नशा नहीं रोक पा रहे, पंजाब में कानून व्यवस्था खराब हो रही है। यह कहकर वे मान को हटाना चाह रहे हैं और खुद अपने विधायकों से यह कहकर कहा कि केजरीवाल अच्छे आदमी हैं, इन्हें मुख्यमंत्री बनाओ ऐसा सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं केजरीवाल जी को बताना चाहता हूं कि यह पंजाब है। कभी गलती से ऐसा सपना भी मत देखना। पंजाब के लोग किसी सूरत में इस चीज को बर्दाश्त भी नहीं करने वाले है। मैं मान जी से भी कहना चाहता हूं कि इसतरह के काम इससे पहले हो जाएं, आपको सतर्क होना चाहिए। केजरीवाल किसी के सगे नहीं हैं। कुमार विश्वास हों या कोई विधायक हों, उन्होंने सभी के साथ धोखा किया है और अब पंजाब के लोगों के साथ धोखा करने वाले है।

दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी से एलजी बोले-

# आपको यमुना मैया का श्राप लगा

### आपके बॉस केजरीवाल को चेताया था, उन्होंने यमुना सफाई प्रोजेक्ट रोका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी से कहा है कि आपको यमुना मैया का श्राप लगा है, इसलिए आपकी पार्टी चुनाव हारी। सूत्रों के मुताबिक एलजी ने ये बातें 9 फरवरी को तब कहीं थीं, जब आतिशी दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने उनके पास गई थीं।

सूत्रों के मुताबिक, एलजी सक्सेना ने आतिशी से कहा कि उन्होंने उनके बॉस अरविंद केजरीवाल को 'यमुना के श्राप' के बारे में चेतावनी दी थी, क्योंकि उन्होंने नदी की सफाई के लिए एक परियोजना को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी। एलजी हाउस के सूत्रों के अनुसार, आतिशी ने एलजी की टिप्पणी का जवाब नहीं दिया।

**2 साल पुराना विवाद-** जनवरी, 2023 में यमुना का प्रदूषण कम करने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने एलजी की अध्यक्षता में एक हाई लेवल कमेटी बनाई थी। जैसे ही कमेटी ने अपना काम शुरू किया, केजरीवाल ने अपना समर्थन जताया और सहायता की पेशकश की।




हालांकि बाद में केजरीवाल सरकार ने एलजीटी के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि एक डोमेन एक्सपर्ट को पैनल का नेतृत्व करना चाहिए। कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। यह रोक 2 साल से अधिक समय से बरकरार है।

## यूट्यूबर अलाहबादिया, अपूर्वा मखीजा, समय रैना पर मुंबई में केस

### अपने शो में पेरेंट्स, महिलाओं पर भद्दे कमेंट किए, अलाहबादिया पीएम से सम्मानित हो चुके

**मुंबई (एजेंसी)।** पेरेंट्स और महिलाओं पर भद्दे कमेंट मामले में यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा, कॉमेडियन समय रैना और शो इंडियाज गॉट लेटेंट के ऑर्गनाइजर के खिलाफ मुंबई में एफआईआर दर्ज हुई है।



बॉम्बे हाईकोर्ट के एडवोकेट आशीष राय की शिकायत के बाद मुंबई के खार थाने में केस दर्ज किया गया। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर अलाहबादिया को 2024 में पीएम मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड्स कार्यक्रम में सम्मानित किया था। उन्हें डिसरप्टर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिला था। उधर, विवाद बढ़ने के बाद रणवीर अलाहबादिया ने माफी मांग ली। उन्होंने कहा, मैंने शो में जो भी कहा, बिना शर्त माफी मांगता हूं। कॉमेडी करना मेरा काम नहीं है, मुझसे गलती हो गई। मैं मेकर्स से रिक्वेस्ट करता हूं कि वीडियो का उतना विवादित हिस्सा हटा दें।

# भोपाल में दो बाइकों की भिड़ंत में 3 की मौत

- **एक की हालत गंभीर; आमने-सामने से तेज रफ्तार में आ रही थी बाइक**



**भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के बिलखिरिया थाना इलाके में स्थित हरीपुरा गांव में दो बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मामा-भांजे सहित तीनों लोगों की मौत हो गई। जबकि एक की हालत नाजुक है। उसका इलाज आनंद नगर स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है।

हादसा रविवार देर रात का है। तीनों बॉडी का एक साथ हमीदिया अस्पताल की मॉर्चुरी में सोमवार दोपहर को पीएम कराया गया है। तीनों बॉडी परिजनों के सुपुर्द कर दी गई हैं। पुलिस के मुताबिक अर्जुन बंजारा पुत्र फूल सिंह बंजारा (18) निवासी देवगढ़ नरसिंहगढ़ 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ चुका था। पिता के साथ खेतों में मेहनत मजदूरी करता था। रविवार की शाम को अपने गांव से भोपाल के हरीपुरा गांव में रहने वाली बड़ी बहन सीमा के घर बाइक पर सवार होकर आया था। उसके साथ दोस्त आकाश बंजारा भी था। शाम 6 बजे दोनों दोस्त बहन के घर पहुंचे। यहां से रात दस बजे गांव लौटने के लिए बाइक पर सवार होकर निकले।

### कुछ ही दूरी पर रिश्तेदारों की बाइक से टकराए

दोनों दोस्त गांव से कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे, तभी सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइकें हादसे के समय तेज रफ्तार में थीं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)